हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
**रोहतक**, बुधवार 21 जनवरी 2026

11 स्कूल और अस्पताल में गुणवत्ता और स्वच्छता का लिया जायजा



12 गणतंत्र दिवस देशभक्ति से ओतप्रोत झांकियों की दिखेगी झलक




## खबर संक्षेप

### बिजली निगम में जनसुनवाई 22 को

**फतेहाबाद।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम फतेहाबाद द्वारा 22 जनवरी को फतेहाबाद में बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतें सुनी जाएगी। जिले के बिजली उपभोक्ता 22 जनवरी वीरवार को दोपहर 3 बजे अधीक्षक अभियंता परिचालन सर्किल, दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम, फतेहाबाद के कार्यालय में पहुंचकर अपनी शिकायतें रख सकते हैं।

### इग्नू में जनवरी 2026 सत्र के लिए दाखिले शुरू

**फतेहाबाद।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) द्वारा जनवरी 2026 सत्र के लिए ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग एवं ऑनलाइन लर्निंग कार्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। इच्छुक अभ्यर्थी 31 जनवरी, तक इग्नू में विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिला ले सकते हैं। सीएमजी राजकीय महिला महाविद्यालय, भोडिया खेड़ा में संचालित इग्नू स्टडी सेंटर के केंद्र समन्वयक डॉ. गुरनाम चंद ने बताया कि इग्नू द्वारा वर्ष में दो बार जनवरी और जुलाई सत्र में प्रवेश प्रक्रिया संचालित की जाती है।

### नशा सप्लाई करने वालों पर शिकंजा, दो गिरफ्तार

**भट्टूकलां।** हेरोइन तस्करी के अलग-अलग मामलों में भट्टूकलां पुलिस ने दो नशा सप्लायरों को काबू किया है। पहले मामले में थाना भट्टू कलां के प्रभारी उप निरीक्षक राधेश्याम ने बताया कि पुलिस टीम 20 नवंबर 2025 को गश्त पर थी। टीम ने भट्टूकलां रेस्ट हाऊस के पास कार सवार युवक को काबू किया। पुलिस की तलाशी में युवक के पास से करीब 5 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

### तीन साल पुराने चोरी के मामले में युवक काबू

**फतेहाबाद।** ढाणी बीन्जा लाम्बा में तीन साल पहले मोटरसाइकिल व ट्रैक्टर बैटरी चोरी के मामले में सदर फतेहाबाद पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी प्रहलाद सिंह ने बताया कि इस बारे पृथ्वी सिंह पुत्र रामकिशन निवासी ढाणी बिन्जा लाम्बा ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार 4 जनवरी 2023 की रात को उसका मोटरसाइकिल घर के बाहर से चोरी हो गया था।

### बाइक चोरी मामले में दो युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** मोटरसाइकिल चोरी के मामले में रतिया पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। थाना शहर रतिया के प्रभारी निरीक्षक पुष्पा सिहाग ने बताया कि 13 जनवरी को हरजिन्द्र सिंह पुत्र सुखदेव सिंह निवासी गांव मिराना, रतिया ने शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत में बताया कि उन्होंने अपनी मोटरसाइकिल को सरकारी अस्पताल रतिया से किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी की गई थी।

## वकील और डीएसपी रीडर के बीच विवाद का दूसरा दिन

# कोर्ट परिसर की पार्किंग बनी रणक्षेत्र, कामकाज रहा ठप

वकीलों का वर्क सस्पेंड, अदालतों में सिर्फ प्रॉक्सी के जरिए तारीखें

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

कोर्ट कॉम्प्लेक्स में गाड़ी पार्किंग को लेकर डीएसपी के रीडर और पार्किंग कर्मचारी के बीच हुए विवाद के दूसरे दिन भी वकीलों ने मंगलवार को वर्क सस्पेंड करते हुए अदालतों में कामकाज ठप्प रखा। केसों में सिर्फ प्रॉक्सी काउंसिल के जरिए अगली तारीख ही ली गई। वकीलों ने न्यायालय परिसर के बाहर धरना देकर पुलिस प्रशासन के खिलाफ रोष जताया। वकीलों आरोपी पुलिस कर्मचारी पर कार्रवाई की मांग पर अड़े हैं। इस मामले में सेशन जज और हरियाणा-पंजाब हाईकोर्ट की बार काउंसिल ने भी संज्ञान लिया है। सेशन जज ने मामले को लेकर एसपी सिद्धांत जैन से बातचीत की। हालांकि, पुलिस की तरफ से मामले को निपटाने के लिए दो बार प्रयास किए गए। मगर वकील रीडर पर कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे। बता दें कि सोमवार को कोर्ट परिसर की पार्किंग में कार खड़ी करने को लेकर डीएसपी जगदीश काजला के रीडर मुकेश कुमार का सिक्योरिटी गार्ड गुल्लू के साथ विवाद हो गया था। पुलिस कर्मचारी गाड़ी लेकर आया और कोर्ट में वकीलों के लिए बने पार्किंग में अपनी गाड़ी खड़ी करने लगा। यहां पार्किंग को लेकर डीएसपी के रीडर और कर्मचारी गुल्लू के बीच पहले कोई बातचीत हुई और बाद में विवाद बढ़ गया। इसके बाद बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान नरेश सोनी मौके पर पहुंचे और उन्होंने कारण पूछा तो पुलिसकर्मी के साथ उनकी बहस हो गई। वकीलों का आरोप है कि पुलिसकर्मी ने वकीलों के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में अप्य वकील भी मौके पर एकत्र हो गए और वर्क सस्पेंड की घोषणा कर दी। इसके बाद नाराज वकीलों ने कोर्ट में धरना शुरू कर दिया था।



**फतेहाबाद।** कोर्ट कॉम्प्लेक्स के बाहर धरना देते वकील। *फोटो : हरिभूमि*

### सख्त कार्रवाई की मांग

जिला बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान विनय शर्मा और नरेश सोनी ने बताया कि जब तक रीडर के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं होगी, तब तक बार एसोसिएशन का आंदोलन जारी रहेगा। किसी वकील के साथ अभद्र व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हालांकि, इस मामले में डीएसपी के रीडर मुकेश कुमार का कहना है कि उसने किसी के साथ गलत व्यवहार नहीं किया, न ही उनका किसी से कोई विवाद हुआ।

# नप में पहुंची सीएम फ्लाइंग टीम

- गोद लिए गए पार्कों का रिकॉर्ड खंगाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

नगर परिषद सिरसा में पिछले लंबे समय से गड़बड़ी की शिकायतों पर मंगलवार को मुख्यमंत्री उडऩदस्ते ने दस्तक दी और गोद लिए गए पार्कों के भुगतान को लेकर रिकार्ड खंगाला। बताया जा रहा है कि सीएम फ्लाइंग टीम नगर परिषद की ओर से सिरसा शहर के विभिन्न गोद दिए गए पार्कों में क्षेत्रफल कम होने और उसकी एवज में भुगतान अधिक किए जाने के आरोपों की जांच के लिए सिरसा पहुंची है। टीम का नेतृत्व उपनिरीक्षक राजेश कुमार ने किया। हालांकि टीम की ओर से अभी तक इस बात का खुलासा नहीं किया गया है कि उन्हें इस मामले से जुड़े किस प्रकार के दस्तावेज हासिल हुए हैं।



**सिरसा।** नगर परिषद में जांच करती सीएम फ्लाइंग टीम। *फोटो : हरिभूमि*

### गोलमाल की शिकायत पर कार्रवाई

*मुख्यमंत्री को गोद लिए हुए पार्कों में गोलमाल की शिकायतें मिल रही थी। नगर परिषद की बैठक में गोद दिए गए पार्कों को रद करने के बाद भी भुगतान किया जा रहा था। उल्लेखनीय है कि जब-जब भी मुख्यमंत्री उडऩदस्ते की टीम सिरसा जांच के लिए पहुंचती है तो नगर परिषद के अधिकांश अधिकारी व कर्मचारी अवकाश पर चले जाते हैं ताकि कहीं न कहीं जांच प्रभावित हो। ऐसे में अब मुख्यमंत्री उड़नदस्ते ने अपनी जांच में तेज कर दी है।*

# परिवार से लूट का प्रयास करने पर दो आरोपी दबोचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

अंबाला से पूजा कर लौट रहे एक परिवार का पीछा कर उनकी गाड़ी को टक्कर मारकर लूट व हमले का प्रयास करने के मामले का पटाक्षेप करते हुए जाखल पुलिस ने गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान हरकीरत सिंह उर्फ सावा पुत्र सुरेंद्र सिंह निवासी धारसूल कलां, फतेहाबाद तथा गुरलाल सिंह उर्फ विक्की पुत्र दलवीर सिंह निवासी रसीदां, जिला जींद के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल की गई गाडी बरामद कर ली हैं।



**जाखल।** पुलिस गिरफ्त में पकड़े गए दोनों युवक। *फोटो : हरिभूमि*

### अवैध कब्जे को जेसीबी की मदद से हटाया

**टोहाना।** उपमंडल के गांव पिरथला में खंड विकास एवं पंचायत विभाग की टीम द्वारा अवैध कब्जे को जेसीबी की मदद से हटाया गया। इस दौरान पुलिस प्रशासन भी मौके पर मौजूद रहा जबकि गांव के सरपंच रामकुमार को भी बुलाया गया। यह कार्रवाई खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी राहुल श्योकंद के निर्देशानुसार की गई। मिली जानकारी अनुसार बीडीपीओ के निर्देशानुसार विभाग की टीम द्वारा कार्यवाही पटवारी उमेद सिंह के नेतृत्व में की गई। इस दौरान किसी भी तरह के विरोध से निपटने के लिए सदर थाना से पुलिस बल को बुलाया गया।

### सात दिवसीय संगीतमयी कथा का शुभारंभ

**ओढां।** बाबा रामदेव मंदिर ओढ़ा में सात दिवसीय संगीतमयी कथा का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। हनुमान मंदिर से पुजारी महेंद्र शर्मा ने विधिपूर्वक मंत्रों उच्चारण के साथ कलश यात्रा को विदा किया। जो राष्ट्रीय राजमार्ग से होते हुए कथा स्थल तक पहुंची। इसके बाद कथा व्यास शास्त्री कृष्णनंद महाराज ने बाबा रामदेव जी की कथा का पहला दिन उनके जन्म और बाल लीलाओं से शुरू किया। उन्होंने कहा कि निसंतान राजा अजमल और रानी मैणादे की भक्ति से प्रसन्न होकर भगवान कृष्ण ने भादवा सुदी दूज (द्वितीया) को पुत्र रूप में जन्म लिया, और जन्म के साथ ही महल में चमत्कार हुए, जैसे बर्तनों में दूध उफनना और घंटियों का बजना, जिससे उनकी दिव्य शक्ति का संकेत मिला। कथा व्यास ने बताया कि राजा अजमल जी और रानी मैणादे को संतान नहीं थी इसलिए वे बहुत दुखी रहते थे। उन्होंने कई बार द्वारकाधीश की भक्ति की और उनसे पुत्र प्राप्ति का वरदान मांगा। भगवान कृष्ण ने प्रसन्न होकर उन्हें वरदान दिया कि वे स्वयं उनके घर पुत्र बनकर जन्म लेंगे, और यह भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को हुआ। भादवा सुदी दूज सन 1409 ई. में तंवर राजपूत परिवार में रामदेव जी का जन्म हुआ। उनके जन्म के समय कई चमत्कार हुए। पहले दिन की कथा में शास्त्री कृष्णनंद ने बाबा जी के जन्म से जुड़ी चमत्कारी घटनाओं और उनकी बाल लीलाओं का वर्णन किया जो उनकी दिव्यता और लोक कल्याणकारी स्वरूप को दर्शाता है।

# पुलिसकर्मियों पर किया हमला, दो गिरफ्तार

- गांव गाजुवाला में लाठी-डंडो से किया था हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

टोहाना क्षेत्र में ईआरवी-216 पर तैनात पुलिसकर्मियों पर हमला कर सरकारी ड्यूटी में बाधा पहुंचाने के मामले में पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। इन युवकों पर आरोप है कि गांव गाजुवाला में डायल 112 पर तैनात पुलिसकर्मियों पर जानलेवा हमला किया था। थाना सदर टोहाना प्रभारी निरिक्षक कुलदीप ने बताया कि 19 जनवरी को डायल 112 पर सूचना प्राप्त हुई थी कि गांव गाजुवाला में शमशेर सिंह नंबरदार के साथ उनका बेटा रामू और उसका दोस्त अक्षय मारपीट कर रहे हैं। सूचना मिलते ही एसपीओ सुरेन्द्र कुमार अपनी टीम ईएचसी सतीश और चालक प्रवीन के साथ मौके पर पहुंचे। जब पुलिस टीम स्टेडियम के पास पहुंची, तो आरोपियों ने लाठीयों के साथ पुलिस कर्मचारियों के साथ मारपिटाई की गई।



**फतेहाबाद।** पुलिस टीम पर हमले के मामले में गिरफ्तार दोनों युवक। *फोटो : हरिभूमि*

# इच्छा मृत्यु की गुहार वाला किसान का पत्र वायरल, प्रशासन पर गंभीर सवाल

**डबवाली।** सरकारी तंत्र के कथित भ्रष्टाचार व लाल फीता शाही से परेशान डबवाली उपमंडल के गांव कालुआना के एक किसान ओमप्रकाश पुत्र रामजी लाल का उपायुक्त के नाम पर लिखा हुआ एक पत्र इस समय सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। राष्ट्रपति से इच्छा मृत्यु की अनुमति को लेकर गुहार लगाने वाले इस किसान ने अपने इस कार्यक्रम में अब डीसी को बतौर मुख्य अतिथि बुलाया है। किसान का आरोप है कि उसकी पारिवारिक जमीन की नायब तहसीलदार, कानूनगो और पटवारी ने मिलकर गलत तरीके से रजिस्ट्री कर दी। अधिकारियों ने उनके खेत में जाने के लिए रास्ता और पानी के लिए नाली भी नहीं छोड़ी। इंसाफ के लिए किसान पिछले 5 साल से संघर्ष कर रहा है। उसकी किसी ने सुनवाई नहीं की। आरोप है कि भ्रष्ट तंत्र में अधिकारियों ने उसे इंसाफ नहीं दिया और प्रताड़ित भी किया। परेशान होकर इस किसान ने इच्छा मृत्यु की अनुमति मांगी थी। इसी संदर्भ में अब उसने जो पत्र उपायुक्त को लिखा है वह काफी वायरल हो रहा है। पत्र को लेकर प्रशासनिक तंत्र की काफी बदनामी भी हो रही है। पीड़ित किसान ने अपने पत्र में यह भी कहा है कि हमारी बॉडी को अंतिम संस्कार में जलाया न जाए, क्योंकि भ्रष्टाचार की आग में पहले ही जलकर राख हो चुके हैं।



पीड़ित किसान ओमप्रकाश।

# जोहड़ निर्माण में गड़बड़ी का आरोप

- ठेकेदार की पेमेंट रोकने की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ टोहाना

उपमंडल के गांव खनौरा के ग्रामीणों ने पंचायती जोहड़ निर्माण में कथित गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए एसडीएम आकाश शर्मा को लिखित शिकायत दी है। ग्रामीणों ने मंगलवार को पंच विक्रम शर्मा के साथ मिलकर ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई करने और उसकी पेमेंट का भुगतान रोकने की मांग की है। एसडीएम ने मामले में गांव के सरपंच और खंड पंचायत अधिकारी राहुल श्योकंद से जानकारी लेने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है। एसडीएम से मिलने आए गांव के पंच विक्रम शर्मा ने बताया कि ठेकेदार ने नियमों की अनदेखी कर जोहड़ का निर्माण किया है, जिसके कारण ये जोहड़ भैंसों के उपयोग के लायक नहीं रहे हैं। उन्होंने ठेकेदार की अनियमितताओं के चलते उसकी पेमेंट का भुगतान न करने और मामले की जांच कर कार्रवाई करने की मांग की।



**टोहाना।** एसडीएम को ज्ञापन सौंपते खनौरा के ग्रामीण। *फोटो : हरिभूमि*

### तीन दिवसीय प्रदर्शनी और मेला 23 से

**सिरसा।** प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों के लिए सिरसा में तीन दिवसीय भव्य प्रदर्शनी एवं मेले का आयोजन किया जाएगा। यह मेला आगामी 23 जनवरी से 25 जनवरी तक स्थानीय बाल भवन में आयोजित होगा। सरकारी प्रवक्ता के अनुसार इस प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों को एक ऐसा मंच प्रदान करना है जहां उन्हें पहचान मिल सके और उनके द्वारा निर्मित उत्पादों की बिक्री बढ़ सके। मेले में कुम्हार, दर्जी, मोची, पेंटर, सुनार, मालाकार के साथ-साथ गुडिया, चटाई, टोकरी और खिलौने बनाने वाले शिल्पकार अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे।

रोडवेज कर्मियों ने राष्ट्रव्यापी हड़ताल का नोटिस सरकार को भेजा

# चार लेबर कोड व निजीकरण के खिलाफ चक्का जाम 12 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

चार लेबर कोड व निजीकरण के विरोध में रोडवेज कर्मचारियों द्वारा 12 फरवरी को चक्का जाम किया जाएगा। इस राष्ट्रव्यापी हड़ताल को लेकर हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन सम्बंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा द्वारा महाप्रबंधक के द्वारा सरकार को नोटिस भेजा गया। हड़ताल के माध्यम से आठवें वेतन आयोग का गठन, समान काम समान वेतन, पुरानी पेंशन बहाली व सभी कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने की मांग की जाएगी। डिपो प्रधान शिवकुमार श्योराण ने बताया कि हरियाणा सरकार व परिवहन विभाग के उच्च अधिकारियों के साथ कई दौर की बातचीत में तबादला नीति खामियों पर यूनियन लिखित आपत्ति जताते हुए इसे रद्द करने की मांग कर चुकी है। डिपो सचिव सुबेसिंह घनाना ने मांग कि सरकार चालकों-परिचालकों का आपसी स्थानांतरण करे और कर्मचारियों को अपने गृह जिले में भेजा जाए।



**फतेहाबाद।** हड़ताल को लेकर अधिकारी को नोटिस सौंपते रोडवेज कर्मचारी यूनियन के पदाधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

# 10 साल से लापता व्यक्ति को परिवार से मिलवाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

डेरा सच्चा सौदा की इंसानियत मुहिम एक बार फिर पीड़ित मानवता के लिए उम्मीद की किरण बनी है। इसी मुहिम के तहत राजस्थान के संगरिया क्षेत्र में भटक रहे 10 वर्षों से लापता मानसिक रूप से परेशान प्रमोद कुमार को शाह सतनाम जी ग्रीन एस वेलफेयर कमेटी के सेवादारों ने सेवा, संवेदना और समर्पण के साथ उसके परिजनों से मिलवाया। जानकारी के अनुसार संगरिया के डबवाली रोड पर लगभग 46 वर्षीय एक व्यक्ति मानसिक रूप से अस्वस्थ अवस्था में बेसहारा घूमता मिला, जो भूख से व्याकुल और अपने बारे में कुछ भी बताने में असमर्थ था।



**सिरसा।** लापता प्रमोद कुमार को परिजनों के सौंपते डेरा श्रद्धालु। *फोटो : हरिभूमि*

### दो दिन में परिवार से किया संपर्क

सूचना मिलने पर शाह सतनाम जी ग्रीन एस वेलफेयर कमेटी के जिम्मेदार लालचंद और महेश गोयल इंसां ने उसकी पूरी देखभाल की व्यवस्था की। सेवादारों ने प्रमोद को नहलाया, साफ कपड़े पहनाए, उपचार कराया और भोजन उपलब्ध करवाया। हालत में सुधार होने पर उसने अपना नाम प्रमोद कुमार निवासी राजापुरा कलां (उ.प्र.) बताया। इसके बाद सोशल मीडिया व साध-संगत के नेटवर्क के माध्यम से मात्र दो दिन में उसके परिजनों तक संपर्क स्थापित कर लिया गया। उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले से प्रमोद के पुत्र धीरेन्द्र सोनकर अपने मामा देवतादीन और फूफा जल्लालू के साथ संगरिया पहुंचे। पिता को सकुशल देखकर उनकी आंखें नम हो गईं, वहीं प्रमोद भी अपनों के बीच पहुंचकर भावुक नजर आए।

**मौसम** सुबह-शाम धुंध बरकरार, फिलहाल ठंड बढ़ने के आसार नहीं

# चार दिन से बढ़ रहा पारा, आज व कल बारिश का अलर्ट, फिर गिरेगा तापमान, एक्यूआई 180 पहुंचा

तापमान बढ़ने पर फसलों को हो सकता हैं नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

जिले में पिछले दिनों से मौसम में लगातार बदलाव हो रहा है। इस कारण से बीते चार दिनों में दिन का तापमान लगभग 6 डिग्री तक वही रात्रि तापमान 4 डिग्री तक बढ़ा है। जिले में सुबह व शाम को धुंध का प्रभाव अभी बना हुआ है, लेकिन उसके बाद भी तापमान भी बढ़ रहा है। मौसम विभाग की तरफ से अभी आने वाले दिनों में तापमान के गिरने की कोई आशंका नहीं जताई गई है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के कारण से 21 व 22 जनवरी को बारिश की आशंका जताई है। अभी जिले में एयर क्वालिटी में भी सुधार हुआ है। जो पिछले कुछ समय से रेड जोन में चल रहा है, वह अभी 180 के लगभग है, जो स्वास्थ्य के लिए सही है।



**फतेहाबाद।** क्षेत्र में सुबह के समय छाई धुंध। *फोटो : हरिभूमि*

### फसलों पर असर

कृषि विभाग से तकनीकी सहायक राजपाल ने बताया कि आने वाले दिनों में अगर तापमान में कोई गिरावट नहीं आती है, तो वह फसलों के लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है। क्योंकि इस समय जिले में तापमान 22 डिग्री के आसपास है और रात्रि तापमान 8 डिग्री के चल रहा है। क्योंकि अभी सरसों व गेहूं की फसल को सर्दी की आवश्यकता रहती है।

### बारिश का अंदेशा

एचएयू हिसार मौसम विभाग के वैज्ञानिक डॉ. मदन लाल खिचड़ ने बताया कि आने वाले दिनों में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के कारण से 21 से 22 जनवरी को बारिश की संभावना बनी रहेगी। वही 25 जनवरी को फिर से पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने कारण पूरे जिले में बारिश का अंदेशा है। इसके बाद से मौसम में फिर बदलाव होगा और तापमान में गिरावट भी होगी।



# श्रेयस होंगे पलाश की फिल्म के लीड हीरो

**मुंबई।** म्यूजिक कंपोजर, डायरेक्टर पलाश मुछाल पिछले दिनों क्रिकेट स्मृति मंधाना से टूटी अपनी शादी को लेकर चर्चा में रहे। लगभग दो महीने बाद वह काम पर लौटे हैं। जल्द ही एक अनाम फिल्म निर्देशित करेंगे। इस फिल्म में लीड रोल में बॉलीवुड के एक नामी अभिनेता नजर आएंगे। पलाश मुछाल ने अपनी एक अनाम फिल्म की घोषणा की है। इस फिल्म को वही निर्देशित करेंगे। इसकी कहानी एक आम आदमी की जिंदगी पर आधारित होगी। फिल्म में लीड रोल एक्टर श्रेयस तलपदे निभाएंगे। पलाश मुछाल पहली बार किसी फिल्म का निर्देशन नहीं कर रहे हैं। वह पहले भी 'अर्ध' और 'काम चालू है' जैसी फिल्में बना चुके हैं।

लाइफ Style



# समीरा
## संजय के साथ शेयर कीं 2006 की यादें

बॉलीवुड के सितारे इन दिनों साल 2016 की यादें शेयर कर रहे हैं। ऐसे में अभिनेत्री समीरा रेड्डी एक कदम आगे बढ़ गई हैं। उन्होंने 2006 की यादें शेयर की हैं। उन्होंने 'मुसाफिर' के साथी कलाकार संजय दत्त के साथ 20 साल पहले की तस्वीर शेयर की है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

समीरा रेड्डी ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में वह संजय दत्त के साथ एक तस्वीर दिखाते हुए कहती हैं कि 2016 का ट्रेंड क्यों फॉलो करें। चलो 2006 में चलते हैं। इसके बाद वीडियो में संजय दत्त नजर आते हैं। संजय दत्त हंसते हैं और समीरा रेड्डी उनसे गले मिलती हैं। वीडियो के कैप्शन में समीरा ने लिखा है '20 साल पहले के संजय दत्त के साथ। वह अभी भी उसी तरह हैं।' वीडियो में 'मुसाफिर' का गाना 'ओ साकी' बज रहा है। संजय गुप्ता के निर्देशन में बनी फिल्म 'मुसाफिर' (2004) में अनिल कपूर, आदित्य पंचोली, महेश मांजरेकर और शक्ति कपूर भी अहम भूमिकाओं में थे। कोएना मित्रा ने इस फिल्म से एक्टिंग कॅरियर की शुरुआत की थी। यह अमेरिकन फिल्म 'यू टर्न' (1997) की रीमेक थी। समीरा रेड्डी अपनी अपकमिंग फिल्म 'चिमनी' की रिलीज की तैयारी कर रही हैं। इसमें वह काली का किरदार निभाती नजर आएंगी। समीरा 'मैंने दिल तुझको दिया', 'रेस' और 'टैक्सी नंबर 9211' जैसी फिल्मों में अपने काम के लिए जानी जाती हैं। संजय दत्त हाल ही में फिल्म 'द राजा साब' और 'धुरंधर' में नजर आए हैं। वह जल्द ही 'धुरंधर 2' और 'राजा शिवाजी' का हिस्सा होंगे।

हॉलीवुड मसाला




# पीचनो संग नजर आए नूर

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के 85 साल के दिग्गज एक्टर अल पचीनो और उनकी 53 साल छोटी एक्स-गर्लफ्रेंड नूर अल्फल्लाह फिर से साथ आ गए हैं? यह सवाल इसलिए कि लॉस एंजिल्स में दोनों को एकसाथ डिनर पर देखा गया है। इसके बाद से ही उनके रिश्ते की मौजूदा स्थिति के बारे में अटकलें लगने लगी हैं। 32 साल की नूर अल्फल्लाह दिग्गज एक्टर के बेटे की मां भी हैं। साल 2023 में नूर ने बेटे रोमन को जन्म दिया। लेकिन, फिर दोनों की राहें अलग हो गईं।



# मुंबई में परफॉर्म करेंगे लिंकिन समेत 40 आर्टिस्ट

**मुंबई।** लोलापालूजा इंडिया 2026 में 24 से 25 जनवरी को मुंबई के महालक्ष्मी रेसकोर्स में वापसी कर रहा है। जिसमें चार स्टेजों पर 40 से अधिक भारतीय और अंतरराष्ट्रीय कलाकारों के साथ अब तक की सबसे बड़ी परफॉर्मेंस होगी। लोलापालूजा इंडिया 2026 मुंबई में फिर से आ रहा है, जिसमें लिंकिन पार्क, प्लेबॉय कार्टि और 40 से ज्यादा कलाकार शामिल होंगे। यह संगीत महोत्सव अपने चौथे साल में महालक्ष्मी रेसकोर्स पर होगा। मुंबई दो दिनों के लिए दुनिया भर के संगीत का केंद्र बन जाएगा। कार्यक्रम 24 जनवरी (शनिवार) और 25 जनवरी (रविवार) को होगा। चार मंचों पर 40 से ज्यादा विदेशी और भारतीय कलाकार 20 घंटे से अधिक लाइव संगीत देंगे। इस साल की सबसे बड़ी बात है रॉक बैंड लिंकिन पार्क का भारत में पहली बार आना। वे दूसरे दिन मुख्य शो करेंगे। यह उनका भारत में पहला प्रदर्शन होगा।




# कोहरा-2 ओटीटी पर 11 को होगी रिलीज

**मुंबई।** ओटीटी पर 'कोहरा' की अपार सफलता के बाद, बरुण सोबती और उनकी टीम एक नए सीजन 'कोहरा 2' के साथ वापसी कर रहे हैं। इस बार मोना सिंह एक सख्त पंजाबी पुलिस अधिकारी के रूप में शो में शामिल हो रही हैं। मंगलवार को निर्माताओं ने 'कोहरा 2' की ओटीटी रिलीज डेट की घोषणा कर दी है। 'कोहरा 2' 11 फरवरी 2026 से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीमिंग शुरू हो जाएगा। यह सीरीज केवल नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है। मेकर्स ने एक 'कोहरा 2' का नया पोस्टर शेयर किया। इसके साथ कैप्शन में लिखा, 'धुंध में सच खो जाता है, आइए इस नए शहर में सच को ढूंढें।' यह सीरीज क्राइम, रहस्य और ड्रामा से भरी होगी। पॉपुलर वेब सीरीज 'कोहरा' का दूसरा सीजन अब वापस आ रहा है। पहला सीजन काफी पसंद किया गया था।



# फिल्म की राजनीति से कोई आपत्ति नहीं

**मुंबई।** रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर 47 दिनों बाद भी बॉक्स ऑफिस पर बनी हुई है। फिल्म ने कमाई के कई कीर्तिमान भी स्थापित किए हैं। दर्शकों से लेकर कई सेलेब्स तक ने 'धुरंधर'की जमकर तारीफ की है। हालांकि, फिल्म की पॉलिटिक्स को लेकर एक बहस चलती रही। अब निर्देशक करण जौहर ने फिल्म की जमकर तारीफ करने के बाद, फिल्म की पॉलिटिक्स पर भी अपनी राय रखी है। करण ने ये माना कि फिल्म को लेकर जनता की राय बंटी हुई है और दर्शकों का एक वर्ग इसके राजनीतिक रुख से सहमत नहीं है। हालांकि, निर्माता ने माना कि उन्हें फिल्म की राजनीति से कोई आपत्ति नहीं है। सच कहूं तो मुझे फिल्म की राजनीति से कोई आपत्ति नहीं है। करण ने कहा कि सिनेमा के छात्र के रूप में उन्हें रणवीर सिंह अभिनीत यह फिल्म बहुत पसंद आई थी।

टीवी मसाला




# दिव्या गणेश ने जीती 'बिग बॉस तमिल सीजन-9' की ट्रॉफी

**मुंबई।** कई दिनों तक टीवी और सोशल मीडिया पर 'बिग बॉस तमिल सीजन 9' को लेकर चले हाई-वोल्टेज ड्रामा, टॉफ टास्क और इमोशनल मूमेंट के बाद, विजय सेतुपति द्वारा होस्ट किए गए इस 9वें सीजन का ऑफिशियल एंड हो चुका है। इस सीजन की विनर एक्ट्रेस दिव्या गणेश रहीं। ये एक ऐसा सीजन था, जिसने दर्शकों को तीन महीने से अधिक समय तक शो से बांधे रखा। बीते साल 5 अक्टूबर, 2025 को शुरू हुए इस 9वें सीजन में 20 कंटेस्टेंट ने पार्टिसिपेट किया, जिनमें से चार और कंटेस्टेंट बाद में वाइल्डकार्ड एंट्री के रूप घर में आए थे। इस सीजन में जैसे-जैसे हफ्ते बितते गए, वैसे-वैसे ग्रुप बदलते गए और ये गेम और भी ज्यादा इंटेंस होता चला गया। वहीं, सीजन के अंत में इस गेम में मात्र चार फाइनलिस्ट को चुना गया, जिसमें दिव्या गणेश, सबरीनाथन, विक्कल्स विक्रम और अरोरा सिंक्लेयर का नाम था। बिग बॉस तमिल सीजन 9' के सभी कंटेस्टेंट को पछाड़कर ग्रैंड फिनाले में एक्ट्रेस दिव्या गणेश ने ट्रॉफी को अपने हाथों से लिफ्ट किया। उन्होंने ट्रॉफी के साथ-साथ इस सीजन की विनिंग मनी 50 लाख रुपए को भी अपने नाम किया। विनिंग मनी के साथ उन्हें एक बिल्कुल नई मारुति सुजुकी विक्टोरिया कार गिफ्ट की गई। वहीं, सबरीनाथन 9वें सीजन के रनर अप रहीं, जबकि विक्कल्स विक्रम और अरोरा सिंक्लेयर दूसरे और तीसरे नंबर पर रनरअप रहे।'बिग बॉस तमिल सीजन 9' को एक्टर विजय सेतुपति ने दूसरी बार होस्ट किया, इससे पहले उन्होंने पिछले सीजन को भी शानदार तरीके से शुरू किया था। उनसे पहले, 2017 में शुरू हुए इस शो को सुपरस्टार कमल हासन द्वारा 7 सीजन होस्ट किए गए।

## नागिन और तुलसी में जबरदस्त टक्कर

**नई दिल्ली।** पहले हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में टॉप पर सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' रहा। इसकी टीआरपी 2.3 की रही है। इन दिनों सीरियल में बहुत ड्रामा, ट्विस्ट देखने को मिल रहा है। लीड कैरेक्टर तुलसी (स्मृति ईरानी) और मिहिर (अमर उपाध्याय) एक-दूसरे से अलग हो चुके हैं। हाल ही में तुलसी के कैरेक्टर की विरानी परिवार में वापसी हुई। सीरियल 'नागिन 7' इन दिनों दर्शकों को काफी पसंद आ रहा है। इस सीरियल ने पहले हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में दूसरे नंबर पर जगह बनाई है। इसकी टीआरपी 2.1 की है। 'नागिन 7' में लीड रोल में प्रियंका चाहर चौधरी हैं। सीरियल को एकता कपूर ने प्रोड्यूस किया है। कुछ हफ्तों में ही इस सीरियल ने अपने लिए टीआरपी लिस्ट में जगह बना ली है। इस साल के पहले हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में 'अनुपमा' सीरियल तीसरे नंबर पर रहा। इस बार इसे 2.1 की रेटिंग मिली है। यह 'नागिन 7' से पीछे रहा। जबकि पिछले साल की टीआरपी लिस्ट में 'अनुपमा'सीरियल ने हमेशा ही पहले और दूसरे नंबर पर अपने लिए जगह बनाई थी।



# धुरंधर के सीक्वल का नाम 'धुरंधरः द रिवेंज'

**मुंबई।** अक्षय खन्ना, रणवीर सिंह, संजय दत्त, अर्जुन रामपाल, सारा अर्जुन, राकेश बेदी जैसे कलाकरों से सजी 'धुरंधर' बॉक्स ऑफिस पर रिलीज के 46 दिन बाद भी टिकी हुई है। इस मूवी का दो महीने बाद दूसरा पार्ट भी आएगा, जिसको लेकर फैंस अभी से ही एक्साइटेड हैं। अब इसके टाइटल को लेकर एक नई जानकारी सामने आई है। 'धुरंधर 2' का नाम 'धुरंधर द रिवेंज' रखा गया है। साथ ही सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन ने फिल्म के सीक्वल के टीजर को हरी झंडी दिखा दी है, जिसका समय 1 मिनट से ज्यादा का है। साथ ही मूवी को ए सर्टिफिकेट दे दिया गया है, जिसे 'बॉर्डर 2' के साथ दिखाया जाएगा। सनी देओल और रणवीर सिंह की फिल्म देशभक्ति पर हैं और इसी का फायदा जियो स्टूडियोज की टाम उठाना चाह रही है। 'धुरंधर' के अंत में दिखाए गए क्रेडिट नोट से नया टीजर लिया गया है और उसे बड़े पर्दे पर दिखने के बाद डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर भी जारी किया जाएगा। 'धुरंधर' में जहां अक्षय खन्ना के किरदार रहमान डकैत की मौत हो जाती है। वहीं खबर है कि वह 'धुरंधर द रिवेंज' में भी दिखाई देंगे। उन्होंने एक हफ्ते अपने हिस्सा की शूटिंग भी की है। इनके अलावा, रणवीर सिंह, आर माधवन, संजय दत्त, अर्जुन रामपाल, राकेश बेदी, सारा अर्जुन दिखाई देंगे। पहले पार्ट ने अब तक भारत में 826.50 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन किया है। वहीं वर्ल्डवाइड इसने 1283.5 करोड़ रुपए कमा लिए हैं।



### 19 मार्च को होगी रिलीज

आदित्य धर की डायरेक्टेड फिल्म 'धुरंधरः द रिवेंज' 19 मार्च को थिएटर्स में ईद के मौके पर रिलीज होगी। इसका क्लैश यश की 'टॉक्सिक' से होगा। जिसके टीजर के आने के बाद इंटरनेट पर दोनों के फैंस दो गुटों में बंट गए थे। दोनों ही बड़ी फिल्में हैं और दोनों का अलग कलेवर। अब देखना होगा कि किसकी चित होती है और किसकी पट।

# रहस्यमयी फिल्म अस्सी का पोस्टर बना पहेली, फरवरी में होगी रिलीज

**मुंबई।** सोशल मीडिया पर एक फिल्म का अनाउंसमेंट लोगों का ध्यान खींच रहा है। इसमें रिलीज डेट के सिवाय कुछ भी बताया नहीं गया है। टाइटल के नाम पर लिखा है अस्सी। यह मूवी सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। एक्स पर कई एंटरटेनमेंट हैंडल्स और क्रिटिक्स ने इसका पोस्टर शेयर किया है। अस्सी के साथ में एक पहेलीनुमा हिंट है साथ ही अर्जेंट देखने की अपील भी है। मंगलवार को वायरल हुआ एक फिल्म का पोस्टर लोगों के दिमाग में कुलबुलाहट पैदा कर रहा है। लाल रंग के पोस्टर पर लिखा है, अस्सी। प्रतिदिन। हर दिन। साथ में मैसेज है, अगर आपको पता होता कि ये क्या है। एक दिन में अस्सी बार। हर दिन। हर बीस मिनट में और जब सच में आपको पता चलता है तो बहुत तेज हिट करता है, बहुत तेज। अस्सी, 20 फरवरी को सिनेमाघरों में। तुरंत देखनी चाहिए। इस अनाउंसमेंट की खास बात ये है कि इसमें एक्टर, डायरेक्टर, प्रोडक्शन हाउस किसी भी चीज की जानकारी नहीं दी गई है। अनाउंसमेंट पर डिसकशन शुरू हो चुका है। सोशल मीडिया पर कई लोग लिख रहे हैं कि यह अलग तरह की मार्केटिंग स्ट्रैटजी है। लोग इस बात पर भी हैरानी जता रहे हैं कि फिल्म की कास्ट में कोई बड़ा चेहरा नहीं दिखाया गया है। अस्सी को लेकर सुगबुगाहट शुरू हो चुकी है लेकिन अब तक पता नहीं चल पाया कि 20 फरवरी को थिएटर्स में क्या देखने को मिलेगा। पोस्ट शेयर करने वालों ने लिखा है कि इससे जुड़ी और डिटेल्स बाद में शेयर की जाएगी। 20 फरवरी को सिद्धांत चतुर्वेदी की दो दीवाने एक शहर में रिलीज हो रही है। वहीं 13 फरवरी को शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी की ओ रोमियो रिलीज हो रही है।




## 70 और 80 के दशक में बॉलीवुड पर राज करने वाली परवीन को मिली गुमनाम मौत

# अमिताभ संग बनी हिट जोड़ी, 2 फिल्मों में बयां हुई प्यार की कहानी

*__नई दिल्ली।__ सिर्फ 18 साल का फिल्मी कॅरियर और 70 फिल्में करके भी परवीन बॉबी ने बॉलीवुड में सफलता की ऊंचाइयों को हासिल किया। फिर अचानक वह बॉलीवुड से गायब हो गईं। एक दिन इस चर्चित एक्ट्रेस की मौत की खबर ने फैंस और बॉलीवुड को हिलाकर रख दिया। दो दिन तक अखबार और घर का सामान दरवाजे पर ही पड़ा रहा, किसी ने दो दिन तक घर का दरवाजा नहीं खोला। सोसायटी के सेक्रटी को संदेह हुआ कि कुछ दिक्कत है। पुलिस को फोन किया गया। घर का दरवाजा खोला गया, सामने का नजारा विचलित करने वाला था, बॉलीवुड की सबसे मशहूर और सुंदर अदाकारा मृत पड़ी थीं। नाम था, परवीन बॉबी। 70 और 80 के दशक में बॉलीवुड पर राज करने वाली परवीन बॉबी को एक गुमनाम मौत मिली।*



### नवाब परिवार से था ताल्लुक

परवीन बॉबी किसी सामान्य परिवार से नहीं आती थीं, उनका संबंध एक नवाब परिवार से था। पिता वली मोहम्मद खान बॉबी जूनागढ़ के आखिरी नवाब थे। परवीन बॉबी का जन्म अपने माता-पिता की शादी के 14 साल बाद हुआ। 4 अप्रैल 1954 को जूनागढ़ के सौराष्ट्र (अब गुजरात में) के शाही परिवार में वह जन्मी थीं। 54 कमरों की हवेली में उनका लालन-पालन हुआ। पढ़ाई भी सेंट जेवियर्स जैसे नामी कॉलेज से हुईं। पढ़ाई के बाद परवीन बॉबी ने मॉडलिंग से अपने करियर की शुरुआती की। परवीन का मॉडलिंग करियर 1971 में शुरू हुआ, यही एक फिल्ममेकर की नजर उन पर पड़ी और फिल्मी सफर की कहानी शुरू हुई।

### बिग बी संग की कई हिट फिल्में

1973 में फिल्म 'चरित्र'से परवीन बॉबी ने बॉलीवुड में कदम रखा। पहली फिल्म में उनकी एक्टिंग, ब्यूटी को सराहा गया। परवीन के पास फिल्मों के ऑफर आने लगे। परवीन बॉबी ने अमिताभ बच्चन के साथ लगभग 8 से 10 फिल्में की, जो काफी हिट रहीं। इसमें 'अमर अकबर एंथोनी' से लेकर 'दीवार' और 'कालिया' जैसी फिल्में शामिल थीं। सिर्फ अमिताभ ही नहीं, शशि कपूर, संजय खान जैसे कई नामी एक्टर्स के साथ परवीन बॉबी ने बड़े पर्दे पर अभिनय किया।

### लव लाइफ को लेकर भी रही खूब चर्चा

परवीन बॉबी बडे पर्दे पर बोल्ड रोल करने के लिए भी जानी जाती थीं, उन्होंने एक बोल्ड एक्ट्रेस की इमेज से भी दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई। अपनी लव लाइफ को भी एक्ट्रेस ने कभी छुपाया नहीं। पहले वह एक्टर डैनी डेन्जोंगपा के साथ रिलेशनशिप में रहीं। जब दोनों का ब्रेकअप हुआ तो वह कबीर बेदी के साथ रिश्ते में आईं। आगे चलकर इनकी राहें भी जुदा हो गईं। फिर महेश भट्ट और परवीन बॉबी का अफेयर भी कुछ वक्त तक रहा। इस रिश्ते के दौरान ही महेश भट्ट को पता चला कि परवीन बॉबी सिजोफ्रेनिया नाम की मानसिक बीमारी से ग्रस्त हो चुकी हैं। महेश भट्ट ने मेडिकल हेल्प के जरिए परवीन बॉबी की मदद करने की कोशिश की। लेकिन, इस बीमारी ने परवीन बॉबी का जीवन मुश्किल कर दिया। वह उन चीजों को देखतीं या महसूस करती थीं, जो सच में नहीं होती थीं। उन्हें लगता था कि हर कोई उन्हें मारना चाहता है।

### जिंदगी पर बनीं ये दो फिल्में

परवीन बॉबी ने बड़े पर्दे पर ही अभिनय नहीं किया, उनकी जिंदगी के एक अहम पहलू पर फिल्में तक बनीं। डायरेक्टर महेश भट्ट ने 1982 में फिल्म 'अर्थ'लिखी और डायरेक्ट की। यह फिल्म कथित तौर पर परवीन बॉबी के साथ उनके रिश्ते पर एक सेमी-ऑटोबायोग्राफिकल फिल्म थी। अर्थ में स्मिता पाटिल का किरदार कविता, परवीन बॉबी से इंस्पायर था। इसके अलावा महेश भट्ट बैनर तले एक फिल्म 'वो लम्हें' बनीं, इस फिल्म को मोहित सूरी ने निर्देशित किया था, यह फिल्म भी परवीन बॉबी के आखिरी वर्षों की जिंदगी से इंस्पायर बताई जाती है। दोनों ही फिल्मों को क्रिटिक्स से लेकर दर्शकों ने खूब पसंद किया।

### क्या था मौत का कारण?

परवीन बॉबी अकेली रहा करती थीं, उम्र भी 50 साल हो चुकी थीं, बॉलीवुड की लाइमलाइट से वह दूर थीं। इसी बीच 22 जनवरी 2005 वह अपने घर में मृत मिलीं। जांच के बाद पता चला कि उनकी मौत 20 जनवरी 2005 को हुई थी। ऑटोप्सी में सामने आया था कि मौत से पहले कई दिनों उन्होंने कुछ नहीं खाया था, साथ ही उन्हें डायबिटिज की भी समस्या थी। पुलिस ने परवीन बॉबी की मौत में किसी तरह की गड़बड़ी या शक से इंकार किया। ऑटोप्सी रिपोर्ट्स में उनकी मौत का कारण ऑर्गन फेलियर ही बताया गया।

## खबर संक्षेप



### शिविर में कैंसर के रोगियों की हुई जांच

**सिरसा।** शाह सतनाम महाराज के अवतार माह के उपलक्ष्य में डेरा द्वारा लगाए जा रहे स्वास्थ्य शिविर में मंगलवार को कैंसर रोगियों की जांच की गई। शिविर में देश के विभिन्न शहरों से आए कैंसर रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं दीं और मरीजों की जांच व परामर्श किया। इनमें हिसार से कैंसर विशेषज्ञ डॉ. अरुण अग्रवाल और डॉ. साहिल शामिल रहे। इसके साथ ही अस्पताल में आयुर्वेद और नेचुरोपैथी पद्धति से उपचार के कैंप भी लगातार चल रहे हैं।



### राष्ट्रीय एकता शिविर के लिए स्काऊट दल रवाना

**सिरसा।** भारत स्काउट एवं गाइड के तत्वावधान में राष्ट्रीय एकता शिविर कर्नाटक के मुडाविदरे जिले में आगामी 22 से 26 जनवरी आयोजित किया जाएगा। हरियाणा स्काउट एवं गाइड के तत्वावधान में जिला सिरसा से 16 स्काउट एवं गाइड मंगलवार को रवाना हुए। इस अवसर पर डीओसी डॉ. इंद्र सैन, सचिव डॉ. सुखदेव सिंह ढिल्लों, गर्ल गाइड डीओसी उषा गुप्ता, जीएमएस सहारनी के हैड मास्टर सुशील पुरी, पवन निराणिया, जीएसएसएस गुडियाखेड़ा के प्रिंसिपल उमेद सिंह ढाका आदि ने राष्ट्रीय एकता शिविर के लिए रवाना हुए दल को शुभकामनाएं दी।

### मां-बेटे का पोस्टमार्टम डंपर चालक पर केस दर्ज

**हिसार।** सिरसा रोड स्थित तेजा मार्केट के पास सोमवार शाम हादसे का शिकार बने बाइक सवार मां-बेटे के शव का मंगलवार को नागरिक अस्पताल की मोर्चरी में पोस्टमार्टम किया गया। उधर, इस मामले में पुलिस ने डंपर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। बता दें कि गांव कुलेरी निवासी राजबाला अपने बेटे हिमांशु के साथ सोमवार को सुबह बाइक पर सवार होकर बहन से मिलने के लिए गांव मंगाली में गई थी। वे दोनों शाम को बाइक पर सवार होकर मंगाली से वापस गांव कुलेरी जा रहे थे। इसी दौरान हादसा हुआ।

### गुजवि में सॉफ्ट स्किल प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालयके ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा अनुदीप फाउंडेशन के सहयोग से तीन दिवसीय सॉफ्ट स्किल प्रशिक्षण-सह-कैंपस भर्ती प्रशिक्षण (सीआरटी) कार्यक्रम संपन्न हो गया है। इन सत्रों का आयोजन अनुदीप फाउंडेशन के अनुभवी और प्रमाणित प्रशिक्षकों-किरण और स्वपन नायर द्वारा किया गया। उन्होंने योग्यता, संचार कौशल, तकनीकी तैयारी और साक्षात्कार की तैयारी पर बहुमूल्य जानकारी प्रदान की।

## विद्यार्थियों के बैठने, खेलकूद तथा पेयजल की स्थिति की समीक्षा

# स्कूल और अस्पताल में गुणवत्ता और स्वच्छता का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जाखल

एसडीएम आकाश शर्मा ने मंगलवार को जाखल स्थित सरकारी विद्यालय तथा नागरिक अस्पताल का दौरा कर शैक्षणिक, पोषण एवं स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वच्छता से संबंधित सेवाओं की उपलब्धता एवं गुणवत्ता का आकलन किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। विद्यालय निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने विभिन्न कक्षाओं का दौरा किया और विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी शैक्षणिक प्रगति का जायजा लिया। कक्षाओं में विद्यार्थियों से संवाद किया और पाठ्यक्रम की प्रगति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने यह जाना कि निर्धारित सिलेबस कितना पूरा किया जा चुका है, विद्यार्थियों को पढ़ाए गए विषय कितनी अच्छी तरह समझ में आए हैं तथा अध्यापन किस प्रकार से किया जा रहा है। विद्यार्थियों से प्रश्न पूछकर उनकी समझ का आकलन किया गया और शिक्षकों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए कि पढ़ाई सरल, प्रभावी और विद्यार्थियों की समझ के अनुरूप हो, एसडीएम ने विज्ञान प्रयोगशाला, पुस्तकालय एवं अन्य शैक्षणिक सुविधाओं का भी निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय परिसर में समुचित साफ-सफाई बनाए रखने, शिक्षण संसाधनों के बेहतर उपयोग और उपलब्ध सुविधाओं के नियमित रखरखाव के निर्देश दिए।

### मिड-डे मील में भोजन को जांचा, अधिकारियों को निर्देश



**जाखल।** विद्यार्थियों से बातचीत करते एसडीएम।

शिक्षकों को समयबद्ध रूप से विद्यालय में उपस्थित रहने तथा नियमित और प्रभावी कक्षाएं संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने मिड-डे मील योजना के अंतर्गत परोसे जा रहे भोजन की गुणवत्ता की भी जांच की। इसके साथ ही रसोईघर और भोजन तैयार करने के स्थान की स्वच्छता की गहन जांच की गई। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में शौचालयों की स्थिति की समीक्षा की गई और उनके नियमित रखरखाव एवं स्वच्छता को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, इसके अतिरिक्त स्वच्छ पेयजल की निरंतर उपलब्धता, विद्यार्थियों के बैठने की व्यवस्था, खेलकूद तथा अध्ययन के लिए उपलब्ध वातावरण का भी निरीक्षण किया गया और इन सुविधाओं की वर्तमान स्थिति का जायजा लिया गया। इसके उपरांत एसडीएम ने नागरिक अस्पताल का निरीक्षण किया। उन्होंने मरीजों से बातचीत कर हस्पताल में प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान दवाइयों की उपलब्धता, जांच सुविधाएं, आपातकालीन सेवाएं तथा अस्पताल की स्वच्छता व्यवस्था की भी समीक्षा की।

### तनाव मुक्त परीक्षा के अनुभव किए सांझा

**सिरसा।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बप्पां में परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को परीक्षा के दौरान होने वाले मानसिक तनाव से मुक्त कर उन्हें आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच एवं ईमानदारी के साथ परीक्षा देने के लिए प्रेरित करना था। प्रवक्ता नरेश कुमार ग्रोवर ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि परीक्षा जीवन का अंत नहीं है, बल्कि स्वयं को पहचानने और आगे बढने का अवसर है। इसलिए जीवन की प्रत्येक परीक्षा को शांत मन, स्पष्ट सोच और निरंतर अभ्यास से किसी भी चुनौती को पार किया जा सकता है। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विचार, डर व जिज्ञासाओं के भाव रखे। स्कूल के अध्यापकों ने विद्यार्थियों की शंकाओं का निवारण किया। इस कार्यक्रम में प्रकाश सिंह, मनीष मेहता, प्रवीण कुमार, भारत भूषण, रोहित, राजेश कुमार, सुनील खुराना, सुखविंद्र सिंह, प्रदीप कुमार, रोहतास कुमार, अवतार सिंह, सुनीता कोहली, रचना मेहता, सपना, मीनू, अजय कुमार, सिकंदर सिंह, विनीत बजाज एवं प्रिंस छाबड़ा आदि मौजूद थे।

# सीडीएलयू और जियो गीता के बीच शैक्षणिक सहयोग के लिए एमओयू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



**सिरसा।** सांझा करार पत्र के साथ कुलपति प्रो. विजय कुमार व डा. मार्कंडेय आहूजा।

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा और गीता इंटरनेशनल एजुकेशन ऑर्गेनाइजेशन (जियो गीता) के बीच शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं मूल्यपरक शिक्षा को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। यह एमओयू विश्वविद्यालय में गीता आधारित अध्ययन, अनुसंधान एवं प्रशिक्षण गतिविधियों को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। सीडीएलयू के कुलपति प्रो. विजय कुमार ने मंगलवार को बताया कि विश्वविद्यालय तथा जियो गीता के मध्य छात्र हित को ध्यान में रखते यह करार हुआ है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार तथा जियो गीता के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ.मार्कंडेय आहूजा ने सांझा करार पत्र पर हस्ताक्षर किए। प्रबंधन विभाग की प्रोफेसर आरती गौड़ कोऑर्डिनेटर की भूमिका में गीता पर आधारित सभी कोर्सेज का संचालन विश्वविद्यालय में करवाएंगी। आरती गौड़ ने कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता पर आधारित अल्पकालिक व दीर्घकालिक पाठ्यक्रम, व्याख्यान, कार्यशालाएं, सेमिनार तथा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### टोहाना में युवा अग्रवाल सभा का रक्तदान शिविर आज

**टोहाना।** युवा अग्रवाल सभा के पूर्व सदस्य स्वर्गीय गुलशन गोयल की याद में उनकी पांचवीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में 21 जनवरी को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। युवा अग्रवाल सभा प्रधान गौरव बंसल, संरक्षक कपिल और सचिव गौरव जैन ने बताया कि स्वर्गीय गुलशन के बड़े भाई अजय गोयल की ओर से हर साल मानवता भलाई के पक्ष में कार्य करते हुए रक्तदान शिविर लगाया जाता हैं जिसमें एकत्रित रक्त को थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को दिया जाता हैं। उन्होंने बताया कि इस कैंप में युवा अग्रवाल सभा की टीम सहयोगी के तौर पर कार्य करेगी।

# इग्नू अध्ययन केंद्र में किया समस्याओं का समाधान

## ऑनलाइन संसाधनों की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

राजकीय महिला महाविद्यालय में संचालित इग्नू स्टडी सेंटर में सत्र जुलाई 2024 व जुलाई 2025 के विद्यार्थियों की समस्याओं के समाधान के लिए बीती 11 जनवरी को एक विशेष सत्र आयोजित किया गया। इग्नू अध्ययन केंद्र के कोऑर्डिनेटर डॉ. विक्रमजीत सिंह ने बताया कि सत्र का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को असाइनमेंट व प्रोजेक्ट बनाने से आ रही समस्याओं का निपटान करना था। डॉ. सतपाल सहायक समन्वयक, ललित कुमार असिस्टेंट व बलजीत सिंह असिस्टेंट ने दूर दराज से आए हुए लगभग 30 विद्यार्थियों की समस्याओं को सुना और उनके प्रश्नों के उत्तर दिए व उन्हें आ रही समस्याओं का समाधान किया। ललित कुमार असिस्टेंट ने सत्र के दौरान विद्यार्थियों को अध्ययन सामग्री, परीक्षा प्रक्रिया, असाइनमेंट जमा करने की प्रक्रिया और ऑनलाइन संसाधनों व प्रोजेक्ट बनाने के तरीके के बारे में जानकारी दी।

# साप्ताहिक ब्यूटी टिप्स कार्यशाला शुरू

## राजकीय महिला महाविद्यालय में कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



**सिरसा।** छात्राओं को ब्यूटी टिप्स देते हुए।

राजकीय महिला महाविद्यालय सिरसा में मंगलवार को छात्राओं के सर्वांगीण विकास एवं आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से साप्ताहिक ब्यूटी टिप्स कार्यशाला आयोजित की गई। कॉलेज के प्रेस प्रवक्ता डॉ. कपिल सैनी बताया कि इस कार्यशाला का आयोजन महाविद्यालय के करियर काउंसलिंग एवं स्किल डेवलपमेंट प्रकोष्ठ के तत्वावधान में किया गया। ट्रेनर कमलजीत कौर द्वारा छात्राओं को प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला का शुभारंभ कार्यकारी प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में सौंदर्य एवं ग्रूमिंग से जुड़े कौशल न केवल व्यक्तित्व निखारते हैं, बल्कि रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर भी प्रदान करते हैं। इस प्रकार की कार्यशालाएं छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

### जिला जेल में कैदियों ने किया सूर्य नमस्कार

**सिरसा।** जिला जेल में विशेष योग शिविर का आयोजन किया गया। योग सहायक इंद्रजीत सिंह और योगाचार्य पंकज वर्मा ने जिला जेल के बंदियों और कैदियों को सूर्य नमस्कार सहित विभिन्न योगासनों का अभ्यास करवाया। इस दौरान कैदियों को योग के महत्व, स्वास्थ्य लाभ और मानसिक शांति से जुड़े पहलुओं के बारे में भी जानकारी दी गई। योग प्रशिक्षकों ने बताया कि नियमित योगाभ्यास से शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक संतुलन भी बेहतर होता है। जिला योग समन्वयक डॉ. सुरेंद्र पाल नागर ने कहा कि सूर्य नमस्कार अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज के हर वर्ग तक योग को पहुंचाना है, ताकि लोग स्वस्थ और सकारात्मक जीवन जी सकें। उन्होंने बताया कि यह अभियान पूरे जिले में विभिन्न स्थानों पर निरंतर जारी रहेगा।

# सतवीर सिंह ढिढारिया ने संभाला बीईओ नाथूसरी चौपटा का कार्यभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



**सिरसा।** सतवीर सिंह ढिढारिया बीईओ नाथूसरी चौपटा में स्वागत करते हुए।

शिक्षा खंड नाथूसरी चोपटा में नवयुक्त शिक्षा अधिकारी सतवीर सिंह ढिढारिया ने पदोन्नति के पश्चात मंगलवार को खंड नाथूसरी चोपटा में खंड शिक्षा अधिकारी के रूप में विधिवत कार्यभार ग्रहण किया। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी सतवीर सिंह ढिढारिया ने कहा कि शिक्षा विभाग द्वारा उन्हें जो नई जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका निर्वहन वे पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं पारदर्शिता के साथ करेंगे। उन्होंने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य खंड कार्यालय के अंतर्गत संचालित समस्त शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करना है। विद्यालयों में शैक्षणिक वातावरण को बेहतर बनाना, बच्चों की उपस्थिति बढ़ाना, ड्रॉपआउट दर को कम करना तथा शिक्षा से वंचित बच्चों को मुख्यधारा से जोडऩा उनकी प्राथमिकताओं में शामिल रहेगा।

# हेरोइन और नशीली गोलियों सहित पांच तस्कर गिरफ्तार

## पुलिस का नशे पर प्रहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली

पुलिस अलग-अलग स्थानों से पांच नशा तस्करों को काबू कर उनके कब्जे से लाखों रुपये की हेरोइन व नशीली गोलियां बरामद की है। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त तीन मोटरसाइकिल भी जब्त किए हैं। एएनसी डबवाली प्रभारी रणजोध सिंह ने बताया कि पुलिस टीम गश्त के दौरान गांव जलालआना में ओढ़ा रोड पर ईंट भट्ठा के नजदीक नाकाबंदी के दौरान औढ़ा से आते हुए मोटरसाइकिल सवार दो युवकों को शक के आधार पर रोककर तलाशी ली गई तो उनके कब्जे से 10.170 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। आरोपियों की पहचान कुलदीप सिंह निवासी जलालआना व मनदीप कुमार निवासी औढां जिला सिरसा के रूप मे हुई है। उन्होंने बताया कि वहीं पुलिस ने डबवाली क्षेत्र से मोटरसाइकिल सवार से के कब्जे से 7 ग्राम 390 मिलीग्राम हैरोइन बरामद की है। आरोपी की पहचान कुलविंदर सिंह निवासी गांव डूमवाली हाल नरसिंह कॉलोनी मंडी डबवाली के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ थाना शहर डबवाली में ममाला दर्ज कर बाइक व हेरोइन को कब्जे में लिया गया है। उधर एक अन्य कार्रवाई में 6 ग्राम 5 मिलीग्राम हैरोइन बरामद हुई।

# कानूनी सहायता योजनाओं की दी जानकारी

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने चलाया जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



**सिरसा।** ग्रामीणों को कानूनी सहायता योजनाओं की जानकारी देते हुए।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला में विशेष कानूनी जागरूकता कार्यक्रम एवं प्रचार अभियान का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान 31 जनवरी 2026 तक चलाया जा रहा है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रवेश सिंगला ने बताया कि अभियान के अंतर्गत उपमंडल कानूनी सेवा समिति, ऐलनाबाद द्वारा विभिन्न गांवों में मोबाइल कानूनी जागरूकता शिविर आयोजित किए गए। इस क्रम में पैनल अधिवक्ता लखविन्दर सिंह ने गांव धोलपालिया में, वंशदीप ने गांव कुत्ताबड़ में, मनीष कुमार ने गांव पोहडक़ा में, रणवीर बरवाड़ ने गांव नीमला में तथा अधिवक्ता शांति देवी ने गांव रत्ताखेड़ा में जागरूकता शिविर लगाए। इन शिविरों में स्थानीय ग्रामीणों को मानव तस्करी एवं व्यावसायिक शोषण के पीड़ितों के लिए बनाई गई योजनाओं, डिजिटल दुनिया के प्रबंधन अभियान के तहत डिजिटल सुरक्षा, मौलिक अधिकार एवं कर्तव्य, विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही नालसा के टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 15100 की भी जानकारी प्रदान की गई, जिस पर संपर्क कर कोई भी व्यक्ति निःशुल्क कानूनी सलाह प्राप्त कर सकता है।



**भट्टूकलां।** छात्रा को बधाई देते स्कूल स्टाफ सदस्य।

# ढांड की छात्रा कनिका ने राष्ट्रीय स्तर पर जीता सिल्वर मेडल

**भट्टूकलां।** 38वीं राष्ट्रीय सब जूनियर सॉफ्टबॉल चैम्पियनशिप में जिले के गांव ढांड के सरकारी स्कूल की छात्रा कनिका ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल जीता। यह प्रतियोगिता संस्कार यूनिवर्सिटी झज्जर में आयोजित हुई थी, जिसमें कनिका ने हरियाणा की टीम की तरफ से भाग लिया। प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में हरियाणा की टीम ने राजस्थान की टीम को कड़ी टक्कर में पराजित करके फाइनल में प्रवेश किया। जहां फाइनल में मुकाबला छत्तीसगढ़ के साथ हुआ। मुकाबले में छत्तीसगढ़ को कड़ी टक्कर दी लेकिन छत्तीसगढ़ से हार कर हरियाणा को दूसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। इस जीत पर गांव के सरपंच चंद्र मोहन पोटलिया, एसएमसी प्रधान तिलोक, स्कूल प्राचार्या बलजीत कौर, सुभाष, राम कुमार, मुकेश कुमार डीपी, अशोक, दिलीप, राजेश, जगदेव, नरेश, राजेश, ममता, विनेश, सुषमा, श्वेता आदि सभी अध्यापकों ने व परिवार के सदस्यों ने कनिका को इस उपलब्धि पर बधाई दी।

# करियर एवं प्लेसमेंट सत्र आयोजित

## पहली नौकरी जीवन में हमेशा रहती यादगार : विजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा क्यूक्लैरिटी के सहयोग से तीन दिवसीय करियर एवं प्रोफाइल बिल्डिंग जागरूकता सत्र के पहले दिन मंगलवार को टैगोर लेक्चर थिएटर में लाइफ साइंसेज व फिजिकल साइंसेज के लिए करियर मार्गदर्शन एवं प्लेसमेंट से संबंधित एक विशेष सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. विजय कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के निदेशक प्रोफेसर शैलेंद्र सिंह द्वारा स्वागत एवं सत्र के संक्षिप्त परिचय के साथ किया गया। मुख्य अतिथि प्रोफेसर विजय कुमार ने कहा कि पहली नौकरी जीवन में हमेशा यादगार रहती है। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में लाइफ साइंसेज क्षेत्र में चुनौतियां बढ़ रही हैं, ऐसे में विद्यार्थियों को स्वयं को बहुआयामी बनाना आवश्यक है।

### विद्यार्थियों को किया जागरूक

उदाहरणों के माध्यम से यह समझाया गया कि अपने कोर विषय के साथ-साथ अन्य विषयों का ज्ञान, व्यावहारिक कौशल एवं आपसी संवाद क्षमता भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। डॉ. सुनील कुमार ने कहा कि विद्यार्थियों को टीम के साथ मिलकर कार्य करना चाहिए, हर चरण में सहयोग बनाए रखना चाहिए तथा आवश्यकतानुसार विचार-विमर्श के माध्यम से परिवर्तन को स्वीकार करना चाहिए। यूएसजीएस के डीन प्रोफेसर मोहम्मद काशिफ किदवई ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि करियर में वैल्यू एडिशन अत्यंत आवश्यक है। विद्यार्थियों को विभिन्न करियर विकल्पों पर गंभीरता से विचार करना चाहिए और विश्वविद्यालय के ब्रांड एंबेसडर के रूप में संस्थान की साख को बढ़ाने में योगदान देना चाहिए।

## जिला रेडक्रॉस सोसायटी में प्रशिक्षणार्थियों को नियमों की दी जानकारी

# प्राथमिक सहायता प्रशिक्षण में सड़क सुरक्षा का दिया संदेश

- पयोगकर्ताओं को सुरक्षित रखने का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** प्राथमिक सहायता का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षणार्थियों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करते हुए अधिकारीगण।

जिला रेडक्रॉस सोसायटी कार्यालय में प्राथमिक सहायता का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षणार्थियों को सडक़ सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक किया गया। जिला परिवहन अधिकारी एवं प्रादेशिक परिवहन अधिकारी के सचिव संजय बिश्नोई के मार्गदर्शन में जागरूकता अभियान सडक़ सुरक्षा अभियान के अंतर्गत माह जनवरी में आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला परिवहन अधिकारी एवं सचिव, प्रादेशिक परिवहन प्राधिकरण तथा जिला रेडक्रॉस सोसायटी के कर्मचारियों द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को सड़क सुरक्षा नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई। जिला परिवहन अधिकारी एवं सचिव, प्रादेशिक परिवहन प्राधिकरण कार्यालय से टीएसआई शिल्पा द्वारा उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों को बताया गया कि सडक़ सुरक्षा नियमों का पालन कर हम स्वयं को तथा अन्य सडक़ उपयोगकर्ताओं को सुरक्षित रख सकते हैं।

### विभिन्न पहलुओं पर चर्चा

कार्यक्रम के दौरान जिला प्रशिक्षण अधिकारी दलबीर सिंह ने कहा कि हमें सदैव सड़क सुरक्षा नियमों की पालना करनी चाहिए तथा किसी दुर्घटना की स्थिति में आवश्यक प्राथमिक उपायों की जानकारी भी होनी चाहिए। वहीं प्राथमिक सहायता प्रवक्ता मुकेश बंसल द्वारा भी प्रशिक्षणार्थियों को सडक़ सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिला परिवहन अधिकारी एवं सचिव, प्रादेशिक परिवहन प्राधिकरण कार्यालय से टीआई विकास, सुरेन्द्र कुमार, पुनम, ज्योति, जिला रेडक्रॉस सोसायटी से उप अधीक्षक सुरेन्द्र चुघ सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

### धान घोटाले का 14वां आरोपी भी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** आर्थिक अपराध शाखा फतेहाबाद ने फर्जी धान पंजीकरण और सरकारी फंड हड़पने के मामले में 14वें आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। इकनोमिक सेल, फतेहाबाद के प्रभारी निरिक्षक सन्दीप ने बताया कि जिला फतेहाबाद के रतिया और धारसूल कलां की मार्केट कमेटी के अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा आढ़तियों के साथ मिलकर धान की फसलों का फर्जी पंजीकरण कर सरकार को आर्थिक नुकसान पहुंचाने की सूचना प्राप्त हुई थी। इसी मामले में 14वें आरोपी जगशीर सिंह उर्फ जग्गा पुत्र जगरूप सिंह निवासी जापता खेड़ा, जिला फतेहाबाद को गिरफ्तार कर लिया।

### मारपीट और फोन छीनने का आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** दुकान में घुसकर मारपीट और फोन छीनने के मामले में रतिया पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है । थाना शहर रतिया प्रभारी निरिक्षक पुष्पा सिहाग ने बताया कि सुनील कुमार पुत्र दयानंद, निवासी अग्रवाल कालोनी रतिया, अपनी दुकान एमआर फैशन हब पर बैठे थे। उनके बयान के अनुसार, शिल्पी नामक महिला और उनके परिवारजन—जिसमें उनके सास, ससुर, पति और कुछ अन्य व्यक्ति शामिल थे, ने दुकान में घुसकर सुनील कुमार पर हमला किया। इस दौरान आरोपियों ने उनके सिर और शरीर के अन्य हिस्सों पर डंडों से चोटें की और उनका मोबाइल फोन छीन लिया था।

## नगराधीश ने अफसरों के साथ बैठक कर जिले की सुरक्षा व्यवस्था पर नजर रखने के दिए जरूरी निर्देश

# गणतंत्र दिवस समारोह में देशभक्ति से ओतप्रोत झांकियों की दिखेगी झलक

» विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा मुख्यातिथि होंगे

» सांस्कृतिक कार्यक्रम की टीमों के चयन की सौंपी जिम्मेदारी

सांस्कृतिक कार्यक्रमों की फाइनल रिहर्सल 24 जनवरी को फुल ड्रेस में आयोजित की जाएगी। नगराधीश गौरव गुप्ता ने कहा कि समारोह में सरकार द्वारा क्रियान्वित जनकल्याणकारी नीतियों को प्रदर्शित करती हुई झांकियां भी शामिल की जाएंगी।

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद

जिला स्तर पर स्थानीय पुलिस लाइन मैदान में आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह मनाने को लेकर नगराधीश गौरव गुप्ता ने अधिकारियों के साथ बैठक की और समारोह के सफलतापूर्वक सम्पन्न करवाने के लिए विभिन्न विभागों की ड्यूटियां निर्धारित की। जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा मुख्यातिथि होंगे।

सीटीएम गौरव गुप्ता ने कहा कि गणतंत्र दिवस राष्ट्रीय पर्व है ऐसे में कार्यक्रम को लेकर जिस भी विभाग की जो जिम्मेदारी सौंपी गई है उसको पूरी संजीदगी के साथ से पालन किया जाए। उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में देश भक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां हो, इसके लिए अच्छे ढंग से रिहर्सल करवाई जाए। उन्होंने बैठक में सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियां एवं प्रबंध समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रम की टीमों के चयन के लिए संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी लगाई और कहा कि इस बात का भी पूरा ख्याल रखा जाए कि सभी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां सामाजिक उपदेश, राष्ट्रीयता और देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत होनी चाहिए।



फतेहाबाद। जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर अधिकारियों की बैठक लेते हुए सीटीएम। फोटो : हरिंभमि


रतिया। गणतंत्र दिवस की रिहर्सल करते विद्यार्थी। फोटो : हरिंभमि

**अफसरों को दी जिम्मेदारी**

शहर में स्थापित देश भक्तों की सभी प्रतिमाओं एवं शहीदी स्मारक की साफ-सफाई रंग रोगन सहित अन्य जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को एंबुलेंस की व्यवस्था, पानी की व्यवस्था, बिजली की व्यवस्था, रंगोली, साफ-सफाई, पुलिस विभाग यातायात व अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समारोह में बेहतर तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों तथा नागरिकों तथा स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों को सम्मानित भी किया जाएगा। इस अवसर पर डीएसपी कुलवंत सिंह, डीडीपीओ अनूप सिंह, सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के उप निदेशक अमित पंवार,

### राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल में हुई प्रथम रिहर्सल

**रतिया।** राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेण्डरी विद्यालय के प्रांगण में उपमंडल स्तर पर आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह की प्रथम रिहर्सल का आयोजन किया गया। मंगलवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम की रिहर्सल शहीद दविन्द्र सिंह महिला महाविद्याल के प्रिंसिपल परमजीत सिंह संधा की अध्यक्षता में तथा साहित्यकार डा. नैब सिंह मंडेर की निगरानी व परेड की रिहर्सल पीटीआई ओमप्रकाश व सुनील कुमार के नेतृत्व में की गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम में भारतीय निकेतन स्कूल के बच्चों ने पंजाबी डांस प्रस्तुत किया। इसी प्रकार गुरुनानक इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने भागड़ा, सिटी हार्ट स्कूल ने देशभक्ति, दशमेश कान्वेट स्कूल ने राजस्थानी, मदर इंडिया कान्वेट स्कूल हरियाणवी डांस, राजकीय कन्या स्कूल ने गिद्धा व राष्ट्रीय गान प्रस्तुत किया। प्रिंसिपल परमजीत सिंह संधा ने कहा कि उपमंडल स्तर पर गणतंत्र दिवस धूमधाम व हर्षोलास से मनाया जाएगा। प्रथम रिहर्सल में स्कूली बच्चों की ओर से मार्च पास्ट, पीटी, डंबल शो व देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। डॉ मंडेर ने जानकारी देते हुए बताया कि 24 जनवरी को अंतिम फुल ड्रेस रिहर्सल मुख्य कार्यक्रम के समय अनुसार अनाज मंडी में होगी। प्रथम रिहर्सल समारोह में मास पीटी, डम्बल व लेजियम प्रदर्शन शानदार रहा।


डबवाली। रिहर्सल करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## रिहर्सल में विद्यार्थियों ने पेश की देशभक्ति की मिसाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| डबवाली

उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह के लिए मंगलवार को रिहर्सल का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देते हुए तैयारियों को परखा। रिहर्सल के दौरान बच्चे देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम की तैयारियां कर रहे हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रिहर्सल के अलावा एनसीसी कैडेट्स व स्कूली बच्चे मार्च पास्ट का भी अभ्यास कर रहे हैं। देशभक्ति गीतों पर नाटक व नृत्य की तैयारियां कर रहे हैं। रिहर्सल के दौरान बच्चों में उत्साह देखते ही बन रहा है।

गौरतलब है कि 26 जनवरी को उपमंडल स्तर पर गणतंत्र दिवस समारोह श्री गुरु गोबिंद सिंह स्टेडियम में बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। इसी कड़ी में स्कूली बच्चे अपने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रिहर्सल के माध्यम से तैयारियां कर रहे हैं।

### गणतंत्र दिवस को लेकर पुलिस ने चलाया सर्च अभियान

टोहाना। गणतंत्र दिवस को देखते हुए गुप्तचर विभाग, चंडीगढ़ रोड चौकी पुलिस एवं एसपी सिक्योरिटी एजेंट की टीम द्वारा शहर के रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, धर्मशाला व बस स्टैंड परिसर में सर्च अभियान चलाया। इस दौरान टीम को कोई संदिग्ध वस्तु तो नहीं मिली जबकि जरूरी दिशा निर्देश दिए गए। चंडीगढ़ रोड चौकी इंचार्ज सब इंस्पेक्टर ओम प्रकाश जांगड़ा ने कहा कि जिला पुलिस कप्तान सिद्धांत जैन के निर्देश अनुसार गणतंत्र दिवस पर सुरक्षा को देखते हुए विभाग द्वारा यह अभियान चलाया गया था जिसके तहत रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, धर्मशाला और होटल में जनता से चेकिंग की गई। इस दौरान निर्देश दिए गए कि यदि कोई भी संदिग्ध वस्तु मिलती है तो उसकी सूचना पुलिस को दी जाए। उन्होंने बताया कि होटल संचालक को होटल में आकर रुकने वाले लोगों का रिकॉर्ड रखे ताकि कभी जरूरत पडने पर जांच की जा सकती है।

## वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि पर क्षत्रिय राजपूत महासभा ने किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद

वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि के अवसर पर क्षत्रिय राजपूत महासभा फतेहाबाद द्वारा लजीज होटल में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महासभा के जिला प्रधान जितेन्द्र भदौरिया व वरिष्ठ सलाहाकार विजय चौहान ने की। कार्यक्रम में महासभा के सदस्यों ने वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्षत्रिय राजपूत महासभा के जिलाध्यक्ष जितेन्द्र भदौरिया ने कहा कि महाराणा प्रताप भारत के इतिहास में एक महान योद्धा और राजपूत शासक थे। उन्होंने मुगल सम्राट अकबर के आक्रमण का बहादुरी से मुकाबला किया था। वरिष्ठ सलाहाकार विजय चौहान ने कहा कि हम सभी को महाराणा प्रताप के जीवन से प्रेरणा लेकर व अपने पूर्वजों के पदचिन्हों पर चलने की पूरी कोशिश करनी चाहिए। महाराणा प्रताप का संघर्ष और संकल्प युवाओं के लिए सदैव मार्गदर्शन का कार्य करेगा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर पहुंचे सरपंच गुलाब शर्मा घोटड़ू, पूर्व सरपंच रामेश्वर डेलू घोटडू और डॉ. सतवीर शर्मा ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में कार्यकारी अध्यक्ष प्रवीन चंदेल, सहसचिव रणबीर भाटी, कोषाध्यक्ष रोशन लाल महांस, भंवर रघुराज राठौड़, सुमित सिसोदिया आदि रहे।


फतेहाबाद। वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन करते क्षत्रिय राजपूज महासभा के सदस्य। फोटो : हरिभूमि


फतेहाबाद। ओलंपियाड में शानदार प्रदर्शन करने वाले क्रेसंट के विद्यार्थी।

### क्रेसंट स्कूल का ओलंपियाड में शानदार प्रदर्शन

**फतेहाबाद।** क्रेसंट स्कूल के विद्यार्थियों ने ओलंपियाड परीक्षा के प्रथम चरण में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शानदार सफलता प्राप्त की है। प्रधानाचार्य ने कहा कि विद्यालय के लिए यह अत्यंत गर्व एवं हर्ष का विषय है गणित ओलंपियाड में कियान, रूद्र, आदित्य एवं कुश ने अपनी प्रतिभा का शानदार परिचय देते हुए क्वालीफाई किया है। इंग्लिश ओलंपियाड में अशमीत ने सफलता अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। इसके अतिरिक्त विज्ञान ओलंपियाड में कक्षा 3 के दक्ष अनेजा, कक्षा 7 की रिद्धि एवं कक्षा 9 के कुश ने भी द्वितीय चरण के लिए चयनित होकर शानदार उपलब्धि हासिल की है। इस सफलता पर विद्यालय की प्रधानाचार्या एवं समस्त प्रबंधन समिति ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए आगामी चरण के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की। विद्यालय परिवार को पूर्ण विश्वास है कि ये विद्यार्थी आगे भी अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय की प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे।

## बकाया बिल नहीं भरने वालों के कटेंगे पानी व सीवरेज के कनेक्शन : नैन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद

जिले में पीने के पानी और सीवरेज के बकाया बिलों को लेकर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग सख्त कार्रवाई की तैयारी में है। विभागीय कार्यालय में आयोजित बैठक में कार्यकारी अभियंता बलविंद्र सिंह नैन ने स्पष्ट किया कि जिन उपभोक्ताओं ने लंबे समय से अपने पानी व सीवरेज के बिल जमा नहीं कराए हैं, उनके कनेक्शन काटे जा सकते हैं। बैठक में बताया गया कि जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में जल्द ही जल संरक्षण अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत सभी गांवों और शहरों में पानी की लीकेज, अवैध और असुरक्षित कनेक्शनों को चिन्हित कर उन्हें ठीक कराया जाएगा। साथ ही बकाया बिल रखने वाले उपभोक्ताओं को नोटिस जारी किए जाएंगे। समय पर भुगतान न करने पर विभागीय कार्रवाई करते हुए उनके कनेक्शन काट दिए जाएंगे। जिला सलाहकार शर्मा चंद लाली ने बताया कि आमजन तक पर्याप्त मात्रा में पीने का पानी पहुंचाने के लिए पानी की बर्बादी करने वालों के खिलाफ भी सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। जल संरक्षण अभियान के दौरान पीने के पानी के कनेक्शन पर सब्जी, हरा चारा उगाने या सर्विस स्टेशन चलाने वालों के कनेक्शन तुरंत प्रभाव से काटे जा रहे हैं।


फतेहाबाद। बिल वसूली को लेकर चर्चा करते अधिकारी। फोटो : हरिभूमि


फतेहाबाद। फसल अवशेष प्रबंधन योजना के तहत कृषि यंत्रों की वेरिफिकेशन करते हुए अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### फसल अवशेष प्रबंधन योजना के तहत कृषि यंत्रों की वेरिफिकेशन जारी

**फतेहाबाद।** जिला में फसल अवशेष प्रबंधन योजना के अंतर्गत किसानों को अनुदान पर उपलब्ध कराए गए कृषि यंत्रों की दूसरी वेरिफिकेशन प्रक्रिया कृषि विभाग द्वारा जारी है। इस योजना के तहत कुल 817 कृषि यंत्र किसानों को वितरित किए गए हैं, जिनमें 576 सुपर सीडर, 123 रैक, 90 बेलर सहित अन्य मशीनें शामिल हैं। कृषि विभाग के अनुसार 20 जनवरी को सुपर सीडर की वेरिफिकेशन की गई है। 21 जनवरी को बेलिंग यूनिट की वेरिफिकेशन की जाएगी, जबकि शेष बचे कृषि यंत्रों की अंतिम वेरिफिकेशन 22 जनवरी को निर्धारित की गई है। इस दौरान कृषि विभाग द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी लाभार्थी किसानों को प्रदत्त उपकरण सही स्थिति में स्थापित हों तथा किसान इनका समय पर और प्रभावी उपयोग कर सकें, जिससे फसल अवशेष प्रबंधन को बढ़ावा मिल सके। यह वेरिफिकेशन कार्य फतेहाबाद, रतिया व धारसूल कलां इन तीन केंद्रों पर किया जा रहा है।

### ताला तोड़कर लाखों के आभूषण व नकदी चोरी

**सिरसा।** रानियां शहर में बीती रात चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है। परिवार अपने एक साल के बेटे का जन्मदिन मनाने के लिए बाहर गया हुआ था, लेकिन जब देर रात घर लौटा तो मकान के ताले टूटे मिले। घर का नजारा देखकर परिवार दंग रह गया। परिवार का आरोप है कि चोर लाखों रुपए का सामान चोरी कर ले गए। वार्ड नंबर-6 में प्राइमरी स्कूल के पास रहने वाले हिमांशु ने बताया कि वे अपने छोटे बेटे का जन्मदिन मनाने के लिए पूरे परिवार के साथ सिरसा गए हुए थे, जहां पार्टी रखी गई थी। जन्मदिन मनाने के बाद लगभग रात 1 बजे जब वे घर लौटे तो मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखा तो दोनों अलमारियों के ताले भी टूटे हुए थे।

## अनुचित खानपान और खराब दिनचर्या हृदय के लिए बेहद घातक : डॉ. गर्ग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिरसा

राजकीय नेशनल महाविद्यालय सिरसा में मंगलवार को विस्तृत व्याख्यान हुआ। इसमें हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. मनदीप गर्ग व स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. शालू गर्ग ने विशेष रूप से भाग लिया। डॉ. मनदीप ने हृदय एवं रक्त संचार को प्रभावित करने वाले विभिन्न कारकों व उनके सावधानीपूर्वक निदान के विषय में व्यापक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किस प्रकार हमारी दिनचर्या, खानपान, कार्यशैली यहां तक की पारिवारिक एवं सामाजिक रिश्तों के सामंजस्य हमारे हृदय एवं रक्त संचार को प्रभावित करते हैं। तदुपरांत डॉ. शालू गर्ग ने महिला प्राध्यापकों को विभिन्न प्रकार के स्त्री रोग, उनके कारण, सुरक्षा उपाय एवं चिकित्सा विषय पर विस्तृत जानकारी दी। अंत में डॉ. मनदीप और डॉ. शालू गर्ग को महाविद्यालय के प्राचार्य एवं स्टाफ सदस्यों द्वारा स्मृति स्वरूप शॉल भेंटकर सम्मानित किया गया। मंच का सफल संचालन डॉ. साक्षी मेहता ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी स्टाफ सदस्यों ने व्याख्यान का समुचित लाभ उठाया व विशेषज्ञों का आभार व्यक्त किया।


सिरसा। कार्यक्रम में अतिथियों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि


फतेहाबाद। कैंसर जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ता।

### छात्रों को कैंसर से बचाव के लिए किया जागरुक

**फतेहाबाद।** केंद्रीय विद्यालय संगठन द्वारा केंद्रीय विद्यालय, बड़ोपल में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से कैंसर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राइट टू लाइफ फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित हुआ, जिसमें संस्था के सचिव डॉ. आर तुलसी कुमारी ने मुख्य वक्ता के रूप में सहभागिता की। डॉ. तुलसी कुमारी ने अपने व्याख्यान में कैंसर के कारण, प्रारंभिक लक्षण, बचाव के उपाय तथा समय पर जांच और उपचार के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि स्वस्थ जीवनशैली, संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और नशे से दूरी बनाए रखकर कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचा जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को यह भी समझाया गया कि कैंसर कोई लाइलाज बीमारी नहीं है, यदि इसकी पहचान प्रारंभिक अवस्था में हो जाए। प्रश्नोत्तर सत्र में छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया।

### जवाहर नवोदय विद्यालय में मॉकड्रिल का प्रशिक्षण दिया

# विद्यार्थियों को दिए आपदा से निपटने के टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद

पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, खारा-खेड़ी में विद्यार्थियों को आपदाओं से निपटने और आपातकालीन स्थिति में जीवन बचाने के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया गया। स्कूल सुरक्षा कार्यक्रम के तहत आयोजित इस शिविर में राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) की 7वीं वाहिनी ने शिरकत की। प्रशिक्षण के दौरान एनडीआरएफ की टीम ने आधुनिक उपकरणों और व्यावहारिक प्रदर्शनों के माध्यम से विद्यार्थियों को 11 प्रमुख विषयों पर प्रशिक्षित किया।

धर्मांशु यादव के नेतृत्व में एनडीआरएफ टीम ने विद्यार्थियों को सिखाया कि यदि किसी व्यक्ति की सांस रुक जाए या दिल की धडक़न बंद हो जाए, तो सीपीआर तकनीक के जरिए उसकी जान कैसे बचाई जा सकती है। इसके साथ ही श्वास नली में कुछ फंसने पर किए जाने वाले उपायों का भी अभ्यास कराया गया। प्रशिक्षण के दौरान दुर्घटना स्थल पर उपलब्ध सामग्री जैसे चादर, कंबल या डंडों की मदद से अस्थाई स्ट्रेचर बनाना और हाथ टूटने पर अस्थाई पलस्तर करने की विधि भी विद्यार्थियों को सिखाई गई। इसके साथ ही विद्यार्थियों को न केवल अग्निशामक यंत्रचलाना सिखाया गया, बल्कि आग में फंसे घायल को सुरक्षित बाहर निकालने की फायर एंड ड्रेग पद्धति का भी अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम में भूकंप और बाढ़ जैसी आपदाओं के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों और बचाव के तरीकों पर विस्तार से चर्चा की गई।



फतेहाबाद। विद्यार्थियों को आपदाओं और आपातकालीन स्थिति से निपटने का प्रशिक्षण देते हुए एनडीआरएफ की टीम। फोटो : हरिभूमि

**जागरूकता के लिए शिविर जरूरी**

धर्मांशु यादव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्कूलों में इस तरह के प्रशिक्षण का उद्देश्य भविष्य की पीढ़ी को डिजास्टर रेजिलिएंट (आपदा सक्षम) बनाना है। उन्होंने बताया कि आपदा के समय घबराहट के बजाय सही तकनीक का प्रयोग ही जीवन और मृत्यु के बीच का अंतर तय करता है। विद्यालय के प्राचार्य अनूप सिंह ने बताया कि इस मॉक ड्रिल का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं विद्यालय स्टाफ को विभिन्न प्रकार की आपदाओं जैसे भूकंप, आग, बाढ़ अथवा अन्य आकस्मिक स्थितियों के दौरान सुरक्षा, सतर्कता एवं त्वरित प्रतिक्रिया के प्रति जागरूक करना था। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी विद्यार्थियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे।

## नितिन नबीन के भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने से पार्टी को मिलेगी मजबूतिः जोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद



भाजपा ने वरिष्ठ नेता नितिन नबीन को पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया है। उनके अध्यक्ष बनने की घोषणा के साथ ही देशभर में भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह और नई ऊर्जा का संचार हुआ है। इसे संगठन के लिए एक नए दौर की शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है। यह कहना है कि भाजपा जिलाध्यक्ष एडवोकेट प्रवीण जोड़ा का। नितिन नबीन को शुभकामनाएं देते हुए जोड़ा ने कहा कि उनका नेतृत्व पार्टी को नई दिशा देगा और संगठन को और अधिक मजबूत बनाएगा। उन्होंने कहा कि नितिन नबीन जैसे जमीनी और अनुभवी नेता के हाथों में राष्ट्रीय अध्यक्ष की जिम्मेदारी जाना कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। नितिन नबीन की राजनीतिक पृष्ठभूमि पर नजर डालें तो वे लंबे समय से भाजपा संगठन से जुड़े हुए हैं और छात्र राजनीति से लेकर विधायक तथा संगठनात्मक जिम्मेदारियों तक का लंबा अनुभव रखते हैं। उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन में संगठन, अनुशासन और विचारधारा को सर्वोपरि रखते हुए कार्य किया है। इसी कारण पार्टी नेतृत्व ने उन पर यह बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। एडवोकेट प्रवीण जोड़ा ने कहा कि नितिन नबीन के नेतृत्व में भाजपा को एक स्पष्ट और मजबूत संगठनात्मक दिशा मिलेगी। उनके अध्यक्ष बनने से न केवल संगठन में मजबूती आएगी।

### राज्य स्तरीय पशु प्रदर्शनी कुरुक्षेत्र में 6 फरवरी को

**फतेहाबाद।** पशुपालन एवं डेरिंग विभाग, हरियाणा द्वारा कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड मेला मैदान, कुरुक्षेत्र में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय पशु प्रदर्शनी का आयोजन 6 से 8 फरवरी तक किया जा रहा है। इस पशु प्रदर्शनी में उत्तम नस्ल के गाय, भैंस, भेड़, बकरी, ऊंट, घोड़े की प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। कुल 53 श्रेणी में इन विजेता पशुओं को इनाम दिये जाएंगे। प्रदर्शनी में पशुपालकों को भेजने के लिए सरकार द्वारा बसों का प्रबंध किया गया है, जिनमें पशुपालक कुरूक्षेत्र पशु प्रदर्शनी में निशुल्क यात्रा कर सकते हैं। पशुपालन एवं डेरिंग विभाग उप निदेशक डॉ. सुखविंद्र सिंह ने बताया कि जिले से उत्तम नस्ल के पशुओं को इस पशु प्रदर्शनी में ले जाने व वापिस लाने का खर्च तय रेट अनुसार विभाग द्वारा वहन किया जाएगा।